# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 21 दिसम्बर, 2016/ 30 अग्रहायण, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 37**

----

### मल प्रवाह योजना

***3568 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नदौन मल प्रवाह योजना का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया; और

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी थी तथा दिनांक 30.11.2016 तक इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

### Mukhya Mantri Gram Sadak Yojna

***3569 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Mukhya Mantri Gram Sadak Yojna has been introduced in the Pradesh;

(b) if so, when this Yojna was started and how much budget has been allocated, so far;

(c) how many roads have been identified and constructed or proposed to be constructed under this Yojna; details of roads with names be given; and

(d) what is the criteria for selection of road and who is the sanctioning authority?

----

## विभिन्न योजनाओं हेतु धनराशि

***3570 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विकास खण्डों में 30 नवम्बर, 2016 तक विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गई और कितनी धनराशि बिना खर्च के पड़ी है; ब्यौरा शीर्षवार एवं विकास खण्डवार दें?

----

## Beautification Project

***3571 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) which is the authority implementing The Shimla Mall Road Beautification Project and what is the estimated cost of the project;

(b) by when this project will be completed;

(c) what is the date, month and year of the approval of its DPR; details be given; and

(d) which is the funding agency for the project; a copy of original approved plan be placed on the Table of the House?

----

## रूकी हुई योजनाएं

***3572 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने प्रोजेक्ट/योजनाओं का कार्य FCA की स्वीकृति के बिना प्रारम्भ नहीं किया गया; ब्यौरा योजनाओं का जिलावार दें; और

(ख) सरकार द्वारा इन योजनाओं को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी ?

----

## सड़कों की डी0 पी0 आर0

***3573 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों की D.P.R.s 1st-2nd Phase में बना कर केन्द्र सरकार को भेजी गई अथवा प्रदेश सरकार के पास तैयार है; ब्यौरा मण्डलवार प्रत्येक D.P.R. का दें;

(ख) गत एक वर्ष में प्रदेश की कितनी सड़कें नाबार्ड को स्वीकृति के लिए गईं तथा इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा सड़कों का मण्डलवार दें;

(ग) केन्द्रीय भूतल मन्त्री द्वारा घोषित 61 नए राष्ट्रीय उच्च-मार्गों की अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें व इनकी D.P.R.s बनाने का कार्य किन-किन Agencies को दिया गया है; ब्यौरा प्रत्येक राष्ट्रीय उच्च-मार्ग सहित दें; और

(घ) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय उच्च-मार्ग के लिये भूमि अधिग्रहण हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा दें?

----

## 132के0वी0 स्टेशन

***3574 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 132 के०वी० स्टेशन कंगेहण निर्माणाधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया तथा कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

----

## सड़कों की मरम्मत

***3575 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; और

(ख) सरकार इन सड़कों की मरम्मत कब तक करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## हाईडल प्रोजेक्ट

***3576 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत काहरी में निर्मित शक्ति हाईडल प्रोजेक्ट को पुनः नधियार नाला से पानी उठाने की स्वीकृति कब और किस ने दी; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) यह सत्य है कि इस प्रोजेक्ट ने स्थानीय जनता की अनदेखी करते हुए कार्य शुरू कर दिया है और कई पेड़ काट दिये हैं और न ही डम्पिंग Site बनाई गई है; और

(ग) यदि हां, तो स्थानीय पंचायत की अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## पॉलीक्लीनिक हेतु धनराशि

***3577 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला कुल्लू की महोल पंचायत में निर्मित पशुओं के लिए अत्यन्त आधुनिक पॉलीक्लीनिक हेतु लाडा के अन्तर्गत उपकरणों को खरीदने हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई और इसके भवन निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इसके उद्घाटन उपरान्त दिनांक 30.11.2016 तक इस पॉलीक्लीनिक में कितने पशुओं का उपचार किया गया व कितने पशुओं की MRI करवाई गई; विवरण माहवार दें?

----

## उद्योगों का सर्वेक्षण

***3578 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में बद्दी, बरोटीवाला व नालागढ़ में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में से कितने उद्योगों ने रोजगार कार्यालय नालागढ़, कसौली व सोलन को अपने उद्योगों में कामगारों की भर्ती हेतु मांग भेजी गई; ब्यौरा उद्योगवार दें; और

(ख) सरकार ने क्या यहां पर स्थापित उद्योगों में भर्ती किये गये कामगारों की संख्या व उनमें कितने हिमाचली व गैर-हिमाचली हैं का सर्वे करवाया है; यदि हाँ, तो कब; यदि नहीं,तो कारण; ब्यौरा उद्योगवार दें?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

***3579 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 30.11.2016 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी सड़कें वित्तपोषण हेतु नाबार्ड के पास लम्बित हैं; और

(ख) इन सड़कों की स्वीकृति कब तक मिल जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## नागरिक अस्पताल रोहडू

***3580 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहडू नागरिक अस्पताल का भवन कितनी मंजिल का बनना प्रस्तावित है और इस पर कितनी लागत आएगी; और

(ख) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 को नागरिक अस्पताल रोहडू में चिकित्सक व स्टाफ नर्स के कितने पद सृजित हैं और उनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## एस0एम0सी0 के अन्तर्गत भर्ती

***3581 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में S.M.C योजना के अन्तर्गत कितने अध्यापकों की भर्ती की गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कितने लोगों को इस योजना के अन्तर्गत पाठशालाओं में भर्ती किया गया; ब्यौरा शिक्षा खण्डवार दें; और

(ग) सरकार क्या इस योजना के अन्तर्गत इन अध्यापकों को नियमित करने हेतु नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***3582 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के क्या मापदण्ड हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में देहरा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए तथा कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्ज़ा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किया गया; और

(ग) इन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्या नियमों के अनुसार स्टाफ सृजित है; यदि हां, तो क्या इन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सृजित पदों के अनुरूप स्टाफ कार्यरत है; यदि नहीं, तो कारण तथा कितने पद चिकित्सक एवं पैरामेडिकल के रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***3583 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कितने प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन केन्द्रों में कितने पद सृजित हैं तथा कितनी रिक्तियां हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## भवन निर्माण

***3584 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2016-17 में दिनांक 30.11.2016 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग द्वारा नई तथा पुरानी पाठशालाओं के भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में कितने भवनों का निर्माण व मरम्मत की गई; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि सहित दें?

----

## लघु पन विद्युत परियोजनाएं

***3585 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी लघु पन विद्युत परियोजनाएं लम्बित हैं; और

(ख) सरकार इन परियोजनाओं का कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है ?

----

## Industrial Units

***3586 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) how many industrial units are there in the State & how many among these units fall under the purview of carrying out the corporate social responsibility works vis-a-vis in the B.B.N. area of Nalagarh & Doon Assembly Constituency; the details of the works carried out by the units under B.B.N. area be given;

(b) during the last one year whether there is shortfall in these activities; what are the reasons for the same; and

(c) whether the Government will take steps to ensure that these activities are carried out by these units?

----

## ओला/ अतिवृष्टि से नुकसान

***3587 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने बागवानों को ओला एवं अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान में 75 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया है; और

(ख) यदि हां, तो दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 अक्तूबर, 2016 तक कितने बागवानों को कितनी-कितनी राशि नुकसान के बदले में दी गई; ब्यौरा बागवानों के नाम व पते सहित जिलावार दें?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सीटें

***3588 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न ट्रेडों हेतु कितनी सीटें निर्धारित हैं; ब्यौरा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानवार दें; और

(ख) इस वर्ष इनमें चार बार काऊंसलिंग के बावजूद कितनी admissions online व अन्य प्रक्रिया द्वारा हुई हैं तथा विभिन्न ट्रेडों में कितनी सीटें खाली रह गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत पद

***3589 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ग्लोड़ खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इनमें कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## बांध निर्माण

***3590 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला ऊना में सिंचाई के लिए टकोली खड्ड पर कोई बांध बन रहा है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## स्वास्थ्य संस्थान

***3591 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने स्वास्थ्य संस्थान हैं; इनमें कितने पद सृजित हैं; कितने भरे हुए व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें;

(ख) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक प्रत्येक संस्थान को कितनी दवाइयाँ दी गईं तथा किन-किन कम्पनियों से दवाइयाँ किस-किस दर पर क्रय की गई; ब्यौरा संस्थानवार दें;

(ग) इनमें से कितनी दवाइयाँ घटिया पाई गई व कितनी दवाइयाँ समय सीमा में वितरित न होने के कारण उनकी डेट एक्सपायर हुई; और

(घ) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (N.H.M.) के अन्तर्गत कितनी राशि दवाइयों के लिए प्राप्त हुई; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***3592 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01.01.2013 से 31.10.2016 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की नाबार्ड व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-II के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कों की डी0पी0आर0 बन कर तैयार हो गई हैं; और

(ख) इनमें से कौन-कौन सी सड़कों की बनाई जा रही हैं व कौन-कौन सी सड़कों की डी0पी0आर0 बनाने का कार्य आरम्भ नहीं किया गया है; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित सड़कवार दें ?

----

## स्वीकृत पदों की संख्या

***3593 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेड़ी की स्थापना कब हुई; और

(ख) इसमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु मापदण्ड

***3594 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) आंगनबाड़ी केन्द्र थोना, ग्राम पंचायत खनोड़ा किन मापदण्डों के आधार पर खोली गई; ब्यौरा गांव, बच्चों के नाम व पते सहित दें;

(ग) इसके भवन निर्माण हेतु क्या भूमि का चयन कर लिया है और सम्बन्धित विभागों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक भवन निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई और यदि भवन नक्शे के अनुसार बनाया गया है तो नक्शे की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों का पुनर्निर्माण

***3595 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश में जिलाशः विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि कब-कब स्वीकृत की गई; यह राशि किस-किस विभाग एवं ऐजैंसी के पास कब-कब से जमा पड़ी है तथा इनके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह सत्य है कि कुल्लू जिला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जरी में डॉक्टर और स्टाफ के आवास निर्माण हेतु भी धनराशि स्वीकृत की गई है; यदि हां, तो निर्माण कार्य में विलम्ब के क्या कारण हैं?

----

## ICFAI विश्वविद्यालय

***3596 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कालुझिण्डा शिक्षा कुन्ज में स्थापित ICFAI विश्वविद्यालय में कितना स्टाफ कार्यरत है तथा इनमें कितने शिक्षक और गैर-शिक्षक हैं; ब्यौरा कर्मचारियों के नाम सहित दें?

----

## Pension and DCRG to retired employees

***3597 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that pension and DCRG from the last so many months have not been given to the retired HRTC employees; and

(b) if so,the reasons thereof and by when the same will be given?

----

## पानी के कनेक्शन

***3598 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पेयजल के नए कनेक्शन दिए गए व कितनी उठाऊ पेयजल योजनाओं का कार्य किया गया और कितनी पाइपों की आपूर्ति की गई; ब्यौरा दें?

----

## आई0टी0आई0 की स्थापना

***3599 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितनी सरकारी व गैर-सरकारी आई0टी0आई0 खोली गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या प्रदेश के प्रत्येक उप-मण्डल में एक आई0टी0आई0 खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो चुराह में आई0टी0आई0 कब तक खोल दी जाएगी?

----

## आयुर्वैदिक औषधालय

***3600 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक औषधालय हैं; इनमें क्या सृजित स्टाफ कार्यरत है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

***3601 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2012 से 30 नवम्बर, 2016 तक कितनी योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इसमें से कितनी योजनाओं की DPR बन चुकी हैं और कितनी योजनाओं की DPR बननी शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) कितनी योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं और इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3602 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में औषधालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व अस्पताल के कितने भवनों का निर्माण किया गया तथा कितने भवनों के निर्माण हेतु टैंडर किए गए हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार द्वारा कितने नए भवनों की प्रशासनिक अनुमोदन एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई तथा कितने भवनों की शेष है; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) दिनांक 30-11-2016 तक भवनों पर कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा संस्थानवार दें?

----

## डेयरी विकास हेतु प्रशिक्षण

***3603 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में पशु पालन विभाग द्वारा डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण देने हेतु कार्यशालाओं को आयोजित करने की योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## नियुक्तियां

***3604 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 अक्तूबर, 2016 तक सरकार ने हि0प्र0 लोक सेवा आयोग व हि0प्र0 कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से किस-किस विभाग में कितने-कितने लोगों को किस-किस पद पर नियुक्त किया गया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) इसके अतिरिक्त किन-किन विभागों द्वारा सीधी भर्ती की गई; ब्यौरा विभागवार नियुक्त व्यक्तियों के नाम, पते व पदनाम सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 5 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**